पंजाब राजभवन

# संकल्प

सत्यमेव जयते

## त्रैमासिक पत्रिका




फ़रवरी '25 | मार्च '25 | अप्रैल '25



# संदेश

## प्रिय पाठको,

प्रिय पाठको,

आप सभी के समक्ष **संकल्प** पत्रिका का तीसरा संस्करण प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह अंक फरवरी, मार्च और अप्रैल 2025 के महीनों के दौरान हुई प्रमुख गतिविधियों, बैठकों, कार्यक्रमों और जनसंपर्क पहलों का समग्र प्रतिबिंब है।

**संकल्प** केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है—एक सोच है कि शासन और जनता के बीच एक सशक्त संवाद बना रहे। यह संवाद केवल सूचनाओं तक सीमित न होकर, समाज में चेतना, जिम्मेदारी और सहभागिता का वातावरण तैयार करे।

बीते महीनों में मेरे लिए सबसे भावुक और जन-संवेदनशील अनुभव नशा विरोधी पदयात्राओं के माध्यम से प्राप्त हुआ। पंजाब की वीर और सांस्कृतिक धरती को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने का हमारा यह प्रयास केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है। इन यात्राओं के दौरान गांवों, शहरों, स्कूलों, कॉलेजों और गली-मोहल्लों में आमजन से सीधा संवाद हुआ। युवाओं की आंखों में उम्मीद की चमक और बुजुर्गों के मन में चिंता दोनों ही दिखाई दीं। इन भावनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई हम सभी को मिलकर लड़नी होगी।

चंडीगढ़ और पंजाब में विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक बैठकों के माध्यम से हमने प्रयास किया कि शासन अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनकेन्द्रित हो। चाहे वह स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी पहल हो, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम हों या फिर तकनीक के माध्यम से शासन को सरल बनाने के प्रयास—हर दिशा में हमने सकारात्मक कदम उठाए हैं।

**संकल्प** के इस संस्करण में इन सभी पहलों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है। मेरा विश्वास है कि यह अंक आपको न केवल प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी देगा, बल्कि आपको समाज में अपनी भूमिका पर विचार करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

**गुलाब चंद कटारिया**
**राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक, चंडीगढ़**

# बाबा फरीद यूनिवर्सिटी का 26वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में सम्पन्न, 251 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान

**3 फरवरी 2025**



बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बीएफयूएचएस), फरीदकोट ने अपना 26वां बैच दीक्षांत समारोह मनाया, जो विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता को समर्पित था। इस समारोह के दौरान, यूनिवर्सिटी से संबंधित कंस्टीट्यूट कॉलेजों के 251 पोस्ट ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गईं। इस अवसर पर कुल 251 विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में डिग्री प्रदान की गईं, जिनमें 3 पीएचडी, 1 एम.सीएच., 1 डी.एम., 48 एम.डी., 27 एम.एस., 2 एम.डी.एस., 19 एम.पी.टी., 22 एम.एससी नर्सिंग, 1 एम.एससी एम.एल.टी. (माइक्रोबायोलॉजी), 51 एम.बी.बी.एस., 16 बी.फार्मेसी, 36 बी.एससी नर्सिंग, 3 बी.एससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (नई योजना), 2 बी.डी.एस., 18 बी.पी.टी. और 1 बी.एससी रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी शामिल हैं। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए 3 चांसलर मेडल, 22 गोल्ड मेडल और 3 सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इसके अलावा, सीता राम जिंदल फाउंडेशन द्वारा एम.बी.बी.एस. के टॉपर्स के लिए गोल्ड मेडल प्रायोजित किए गए। श्री गुलाब चंद कटारिया, माननीय राज्यपाल, पंजाब एवं चांसलर, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज़ (बीएफयूएचएस), इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन के दौरान, उन्होंने स्वास्थ्य सेवा पेशे के महत्व और नैतिक मूल्यों को उजागर करते हुए कहा, ''सीखने के लिए आओ, सेवा के लिए जाओ। डॉक्टर का पेशा समाज के स्वास्थ्य और विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को समर्पण, ईमानदारी और नैतिकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।'' उन्होंने बीएफयूएचएस की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान शैक्षणिक और स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव सूद की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने पंजाब राज्य में स्वास्थ्य शिक्षा के विकास के लिए कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जो एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएफयूएचएस के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव सूद ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, ''यह कॉन्वोकेशन आपकी पेशेवर यात्रा की शुरुआत है। आपने जो ज्ञान और कौशल अर्जित किया है, उसे समाज की भलाई के लिए उपयोग करें। हमेशा ईमानदारी, निडरता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।' इस समारोह में विद्यार्थियों, फैकल्टी मेंबर्स, विद्यार्थियों के परिवारजनों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बीएफयूएचएस) ने इस प्रभावशाली आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान को और अधिक सशक्त किया।





# राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल की राज्यपाल से मुलाकात

**3 फरवरी 2025**



राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारत और मित्र देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों का 65वां एनडीसी कोर्स अध्ययन दल पंजाब राजभवन पहुँचा और राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया से भेंट की। इस दौरान आंतरिक सुरक्षा, सीमावर्ती चुनौतियाँ और विकास नीतियों पर व्यापक चर्चा हुई, जो रणनीतिक दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी रही।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 2024 बैच के आईएएस अधिकारियों से किया संवाद

**4 फरवरी 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन में 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स से महत्वपूर्ण बैठक की। इस मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं को सही और पारदर्शी तरीके से लागू करने की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को सुनिश्चित करना होगा कि योजनाओं का लाभ सीधे जमीनी स्तर पर वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। श्री कटारिया ने कहा कि प्रशासनिक दक्षता और ईमानदारी के साथ कार्य कर युवा अधिकारी पंजाब और चंडीगढ़ के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। इस संवाद ने राज्य के प्रशासनिक नेतृत्व को एक नई दिशा और प्रेरणा दी।



# डॉ. महावीर सिंह ने राइट टू सर्विस कमीशन के मुख्य आयुक्त पद की शपथ ली

**5 फरवरी 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन में डॉ. महावीर सिंह को राइट टू सर्विस कमीशन, चंडीगढ़ के मुख्य आयुक्त के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने उन्हें पारदर्शिता, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ काम करने का निर्देश दिया और कहा कि इस भूमिका में उनकी जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। यह अवसर बेहतर प्रशासन और नागरिक सेवा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में चंडीगढ़ के विकास पर हुई प्रशासक सलाहकार परिषद की पुनर्गठित बैठक

**4 फरवरी 2025**

चंडीगढ़ के विकास को नए आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, होटल माउंटव्यू में प्रशासक सलाहकार परिषद की पुनर्गठित पहली बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने की।

बैठक की शुरुआत में मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच शासन प्रणाली को पारदर्शी, प्रभावी और सहभागी बनाने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने सदस्यों से शहर की प्रमुख चुनौतियों पर सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह केवल एक सलाहकार परिषद नहीं, बल्कि नागरिकों और विशेषज्ञों की साझेदारी से बना विकास का मंच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन में नवाचार, पारदर्शिता और नागरिक केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से शासन सुधार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन, स्लम और भिक्षावृत्ति उन्मूलन, वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजन के लिए समावेशी नीतियां, स्टार्टअप व कौशल विकास को बढ़ावा, और शहरी योजना जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। सदस्यों ने चंडीगढ़ को एक 'शिक्षा हब', 'खेल हब' और 'मेडिकल टूरिज्म हब' के रूप में विकसित करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

आवास नीति, भवन उपनियमों में संशोधन, ग्रीन स्पेस विस्तार और पर्यावरणीय स्थिरता के मुद्दे भी चर्चा के केंद्र में रहे। साथ ही, साइबर अपराध की रोकथाम और उन्नत ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसे आधुनिक शहरी समाधान भी सामने आए।

बैठक में सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे चंडीगढ़ को एक प्रगतिशील, समावेशी और तकनीकी रूप से सक्षम शहर बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का औचक निरीक्षण दौरा विकास कार्यों में लापरवाही पर जताई सख्ती, जिम्मेदार अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**06 फरवरी 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने शहर के चार प्रमुख स्थानों का औचक दौरा किया। उन्होंने सेक्टर 26 की फल एवं सब्जी और अनाज मंडी, सेक्टर 42 स्थित खेल परिसर, सेक्टर 39 की नई अनाज मंडी और सारंगपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। सेक्टर 26 की मंडी का दौरा करते हुए राज्यपाल ने विक्रेताओं और ग्राहकों को सुविधा देने के लिए मंडी के अंदर रास्तों को साफ करने और नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

सेक्टर 42 के खेल परिसर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय इनडोर हॉल की योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इसका निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस परियोजना के लिए ओलंपिक या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों की सेवाएं ली जानी चाहिए, ताकि यह हॉल वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक और कुश्ती जैसे खेलों के लिए उपयुक्त हो।



सेक्टर 39 की नई अनाज मंडी के निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को दुकान-सह-कार्यालयों की नीलामी प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सारंगपुर में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों की समयसीमा के भीतर पूर्ति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी और साइट का भौतिक निरीक्षण जरूरी है ताकि सभी योजनाएं सुचारु रूप से लागू हो सकें और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



# पंजाब में विश्वविद्यालय और कॉलेजों परिसरों को नशा मुक्त और तनाव मुक्त बनाने हेतु राज्यपाल का संकल्प

## विकसित भारत 2047 के विजन के तहत राज्यपाल ने मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जागरूकता को विश्वविद्यालय व कॉलेज स्तर पर प्राथमिकता देने का किया आह्वान

**7 फरवरी 2025**




पंजाब राज भवन एक महत्वपूर्ण विमर्श का साक्षी बना, जब राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के उपकुलपति, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विषय-विशेषज्ञ और नीति निर्माता एक मंच पर एकत्रित हुए, जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने की।

राज्यपाल ने अपने उद्घाटन भाषण में युवाओं को देश की ऊर्जा और भविष्य का वाहक बताते हुए कहा कि यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो हमारी युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त रखना अनिवार्य है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से जोड़ें और उन्हें नेतृत्व की ओर प्रेरित करें। अपने संबोधन में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि नशा मुक्ति के लिए केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रत्येक परिसर में वास्तविक बदलाव दिखना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी परिसर को तभी नशा मुक्त घोषित किया जाए जब वह वास्तव में उस स्थिति को प्राप्त कर चुका हो। साथ ही यह पहल विश्वविद्यालय परिसरों तक सीमित न रहकर उनसे संबद्ध महाविद्यालयों तक भी पहुंचनी चाहिए।




सम्मेलन में पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, पंजाब के डीजीपी श्री गौरव यादव, पंजाब विश्वविद्यालय, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चितकारा विश्वविद्यालय और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों सहित, राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप भोला ने भी सहभागिता की।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पीएयू के वार्षिक दीक्षांत समारोह में 500 से अधिक युवा कृषि वैज्ञानिकों को डिग्रियां और पुरस्कार किए प्रदान

**8 फरवरी, 2025**




पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना ने इस वर्ष के अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन डॉ. मनमोहन सिंह ऑडिटोरियम में किया। इस गरिमामयी अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राज्यपाल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में पीएयू को भारतीय कृषि क्रांति का पवित्र केंद्र बताया। उन्होंने 1960 के दशक के खाद्यान्न संकट की याद दिलाते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत को अमेरिका से गेहूं आयात करना पड़ता था, लेकिन पीएयू के वैज्ञानिकों और किसानों के अद्वितीय योगदान से आज भारत न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न निर्यातक बन चुका है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पंजाब देश के कुल गेहूं उत्पादन में लगभग 60 प्रतिशत और चावल उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान देता है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में इसकी प्रमुख भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने विशेष रूप से औषधीय पौधों की बढ़ती वैश्विक मांग पर ध्यान आकर्षित करते हुए इसे भारत के लिए संभावित निर्यात अवसर बताया। स्नातक छात्रों को प्रेरित करते हुए राज्यपाल ने उन्हें पारंपरिक नौकरियों के स्थान पर 'कृषि के दूत' बनने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि अनुसंधान, जैविक कीटनाशकों, कम अवधि की फसलों और बहु-फसली प्रणाली जैसे क्षेत्रों में नवाचार को देश की आवश्यकता बताया।



# प्रधानमंत्री के प्रेरक मार्गदर्शन में 'परीक्षा पे चर्चा 2025' ने छात्रों में भरा नया उत्साह और आत्मविश्वास

## 10 फरवरी, 2025





चंडीगढ़ के पीएम श्री राजकीय बालिका मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-18 में आयोजित परीक्षा पे चर्चा 2025 के 8वें संस्करण में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने छात्रों के साथ मिलकर इस राष्ट्रीय शिक्षा संवाद को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑनलाइन अपने प्रेरक विचार साझा किए, जिनमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, प्रौद्योगिकी का रचनात्मक उपयोग, आत्म-अनुशासन और मिशन लाइफ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं को मार्गदर्शन दिया।

## 11 फरवरी, 2025





पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने एडवोकेट हरप्रीत संधू और श्रीमती पूजा गुप्ता को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने पारदर्शिता और सूचना अधिकार की रक्षा में सूचना आयोग की अहम भूमिका पर जोर दिया। समारोह में वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## 12 फरवरी, 2025

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सेक्टर 30 ए में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने श्री गुरु रविदास जी को समानता, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया, जिन्होंने जात-पात के भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और समाज को प्रेम और एकता का मार्ग दिखाया। राज्यपाल ने गुरु जी के दोहे का स्मरण करते हुए कहा कि उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और सभी को भाईचारे एवं सेवा भाव से समाज के विकास के लिए प्रेरित करता है।



# पांच दशकों बाद नयी शिक्षा क्रांति पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 78 पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर विद्यालयी शिक्षा को बनाया सशक्त

**11 फरवरी 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हाल ही में 78 नए भर्ती पीजीटी व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह नियुक्ति केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 वर्षों के बाद पहली बार पीजीटी पदों पर की गई नियुक्ति है, जो शिक्षा विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।



इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग ने किया, जिसमें राज्यपाल श्री कटारिया ने न केवल नए शिक्षकों का स्वागत किया बल्कि शिक्षा क्षेत्र में गुरु की महत्ता पर भी जोर दिया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण में शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक केवल ज्ञान के वाहक नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन कौशल के मार्गदर्शक भी होते हैं। वे समाज के असली निर्माता हैं।

राज्यपाल ने भारतीय इतिहास की गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए चाणक्य और चंद्रगुप्त के दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानी सुनाई, जो दर्शाती है कि शिक्षक कैसे युवा मस्तिष्कों को संवारते और राष्ट्र के भविष्य को आकार देते हैं। उन्होंने कहा, शिक्षकों का योगदान सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनका उद्देश्य समाज के हर हिस्से को समृद्ध बनाना होना चाहिए।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग ने हाल ही में शुरू किए गए कौशल पाठ्यक्रम, समावेशी शिक्षा की पहलें, बुनियादी ढांचे के विकास और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में किए गए सुधारों का भी विवरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने विभाग की इस पारदर्शी और सफल नियुक्ति प्रक्रिया की सराहना की और कहा कि यह कदम शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने और भविष्य की पीढ़ी को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



# साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**11 फरवरी 2025**



चंडीगढ़ में आयोजित साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान साइबर अवेयरनेस स्टोरी पुस्तिका का विमोचन पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा और जागरूकता की महत्ता पर विशेष बल दिया और कहा कि जैसे-जैसे तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन रही है, वैसे-वैसे इंटरनेट के खतरों को समझना और उनसे सुरक्षित रहना उतना ही आवश्यक हो गया है।

राज्यपाल ने कहा कि केवल तकनीकी उपयोग नहीं, बल्कि तकनीकी समझ भी आज के समय की प्राथमिक आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग को साइबर सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना समय की मांग है। इस पुस्तिका और कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों और कॉलेजों में साइबर शिक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है, जिससे युवाओं में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की आदतें विकसित होंगी। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में राज्यपाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है। शिक्षकों की भूमिका अब समाज में नैतिक, मानसिक और तकनीकी रूप से सक्षम नागरिकों के निर्माण की है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने शिक्षण में नवाचार, नेतृत्व, अनुशासन और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को केवल शिक्षा तक ही सीमित न रखें, बल्कि उन्हें खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों, और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ें, ताकि वे एक संतुलित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। राज्यपाल का यह संदेश न केवल शिक्षा जगत में नई ऊर्जा भरता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन चंडीगढ़ की शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता सुधार और तकनीकी सशक्तिकरण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# असम दौरे पर श्री गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन और मुख्यमंत्री से की मुलाकात, माँ कामाख्या मंदिर में टेका माथा

**16 फरवरी 2025**




गुवाहाटी प्रवास के दौरान श्री गुलाब चंद कटारिया ने असम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण आचार्य जी एवं राजभवन परिवार से सौजन्य भेंट की। उनके आत्मीय स्वागत, गरिमामयी आतिथ्य और राष्ट्र निर्माण, प्रशासनिक अनुभव एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर हुए सार्थक संवाद के लिए कटारिया जी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और प्रशासनिक समन्वय पर भी विचार विमर्श हुआ।



अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ उन्होंने माँ कामाख्या मंदिर में दर्शन कर दिव्यता, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि नीलाचल पर्वत पर स्थित यह शक्तिपीठ श्रद्धा, भक्ति और आस्था का प्रतीक है, जहाँ पहुँचकर एक अनूठा आत्मिक जुड़ाव महसूस होता है।

इसके साथ ही, उन्होंने असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा से भी सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात में उन्होंने विकास, शिक्षा, और सुशासन जैसे विषयों पर विचार साझा किए और मुख्यमंत्री दंपत्ति के विनम्र आतिथ्य व विचारशील संवाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह यात्रा संवाद, सहयोग और सांस्कृतिक जुड़ाव की दृष्टि से अत्यंत फलदायी सिद्ध हुई।



# पंजाब राजभवन में हर्षोल्लास से मनाया गया मिज़ोरम व अरुणाचल प्रदेश का स्थापना दिवस

**20 फरवरी 2025**

पंजाब राज भवन में मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करने का अवसर बना। समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती अनीता कटारिया ने विशेष रूप से शिरकत की। राज्यपाल ने दोनों राज्यों की सांस्कृतिक, भौगोलिक और ऐतिहासिक विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए इस तरह के आयोजनों को राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।










अपने संबोधन में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश को उगते सूरज की धरती बताते हुए उसके पौराणिक और कृषि महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि मिज़ोरम की मजबूत सामुदायिक भावना, सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरणीय जागरूकता की सराहना की। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री की एक दूरदर्शी सोच बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम में दोनों राज्यों से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्में प्रदर्शित की गईं और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लोक नृत्य व संगीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत से शिष्टाचार भेंट

**13 फरवरी, 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ राजभवन, बेंगलुरु में कर्नाटक के माननीय राज्यपाल श्री थावर चंद गहलोत से शिष्टाचार भेंट की। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात में दोनों राज्यों के बीच सहयोग और विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

# राज्यपाल ने नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान' का लोगो थीम सॉन्ग और कैलेंडर लॉन्च कर दी नशा मुक्ति की शपथ

**21 फरवरी, 2025**

चंडीगढ़ प्रशासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नशा मुक्त चंडीगढ अभियान के अंतर्गत एक भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-42 में किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह के दौरान सुप्रसिद्ध गायक एवं अभिनेता डॉ. सतिंदर सरताज को नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री श्री रवि शंकर से की भेंट, शांति और योग के महत्व पर हुई चर्चा

**21 फरवरी, 2025**



बठिंडा में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर से भेंट की और शांति, योग तथा सेवा के माध्यम से समाज के समग्र विकास पर गहन चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा किए जा रहे योग और ध्यान के कार्यक्रमों की सराहना की और प्रदेशवासियों से इन्हें अपनाने का आह्वान किया। श्री कटारिया ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री श्री रवि शंकर ने भी योग और ध्यान को सामूहिक सौहार्द और मानसिक शांति के लिए आवश्यक बताया।




# चंडीगढ़ का गुलाब मेला – फूलों की महक में रचा-बसा एक स्वच्छ और सांस्कृतिक उत्सव

हर साल वसंत ऋतु के आगमन के साथ जब चंडीगढ़ की फ़िज़ाओं में गुलाबों की ख़ुशबू घुलने लगती है, तब ज़ाकिर हुसैन रोज़ गार्डन एक जीवंत रंगभूमि में बदल जाता है। यह वही समय होता है जब चंडीगढ़वासी और सैलानी बड़ी बेसब्री से गुलाब मेले का इंतज़ार करते हैं—एक ऐसा मेला जो सिर्फ़ फूलों का उत्सव नहीं, बल्कि शहर की आत्मा, संस्कार और स्वच्छता की सोच का प्रतीक बन चुका है।

इस गुलाबी उत्सव की शुरुआत 1990 के दशक की शुरुआत में हुई थी, जब चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों को हरियाली, बागवानी और संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से इसकी नींव रखी। आज यह मेला देश के सबसे खूबसूरत आयोजनों में गिना जाता है, जहाँ प्रकृति, कला, संगीत और जन-जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

ज़ाकिर हुसैन रोज़ गार्डन, जो एशिया का सबसे बड़ा गुलाब उद्यान माना जाता है, इस आयोजन का मुख्य केंद्र होता है। यह भव्य बाग़ लगभग 30 एकड़ में फैला है और यहां 1,600 से अधिक किस्मों के गुलाब और 50,000 से ज़्यादा पौधे मौजूद हैं। जब मेला शुरू होता है, तो पूरा बाग़ रंग-बिरंगे गुलाबों, उनकी मनमोहक खुशबुओं और लहलहाती पंखुड़ियों से सजी एक स्वप्नभूमि में बदल जाता है।

इस महोत्सव में देशी और विदेशी प्रजातियों के गुलाब अपनी ख़ास पहचान के साथ प्रस्तुत होते हैं – हाइब्रिड टी, फ्लोरीबंडा, ग्रैंडीफ्लोरा, क्लाइंबिंग रोज़, मिनिएचर रोज़, और कई विरासत प्रजातियाँ जो परंपरा और खुशबू दोनों को साथ लेकर आती हैं। इन गुलाबों की सुंदरता, आकार और रंग के आधार पर प्रतियोगिताएं होती हैं, जिसमें हर उम्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

पर मेला सिर्फ़ फूलों की छटा तक सीमित नहीं है। यह एक संपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव है जहाँ रंग-बिरंगी प्रस्तुतियाँ, लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, बच्चों की प्रतियोगिताएं, फैशन शो और हैंडीक्राफ्ट्स की प्रदर्शनी मेहमानों को घंटों बाँधे रखती हैं। 'रोज़ प्रिंस और प्रिंसेस', 'मिस एंड मिस्टर रोज़', फेस पेंटिंग, चित्रकला, फोटोग्राफी, पेट शो और कवि सम्मेलनों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठता है। करता है।

गुलाब मेला आज चंडीगढ़ की पहचान बन चुका है—यह सिर्फ़ एक आयोजन नहीं, बल्कि शहर की प्रकृति से नज़दीकी, स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और कला-संस्कृति से प्रेम का जीवंत प्रतीक है। साल-दर-साल यह मेला यह साबित करता रहा है कि गुलाब सिर्फ़ एक फूल नहीं, एक भावना है—प्रेम, सौंदर्य, और जीवन के उल्लास की भावना। और चंडीगढ़, उस भावना को हर साल और भी अधिक उल्लास के साथ जीवंत करता है।



# गुलाबों की भव्य प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राज्यपाल ने 53वां रोज़ फेस्टिवल का किया शुभारंभ

## 'जीरो बजट, जीरो वेस्ट' के साथ प्रकृति और स्वच्छता का तीन दिवसीय भव्य उत्सव

**21 फरवरी 2025**




चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रोज गार्डन में तीन दिवसीय 53वां रोज फेस्टिवल हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस बार के महोत्सव का थीम 'जीरो बजट, जीरो वेस्ट' रखा गया था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

तीन दिनों तक चले इस उत्सव में 829 किस्मों के गुलाबों की भव्य प्रदर्शनी के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, ब्रास और पाइप बैंड प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रदर्शनी, राजस्थानी और पंजाबी लोक नृत्य, तथा बच्चों के लिए गेम जोन आयोजित किए गए। फूड कोर्ट की व्यवस्था से दर्शकों को भोजन और पानी की सुविधा मिली। एमसीसी ने स्वच्छता पर जोर देते हुए प्रदर्शनी लगाई जिसमें कचरे का पृथक्करण, प्लास्टिक का कम उपयोग और ऑनसाइट कम्पोस्टिंग जैसी पहलें शामिल थीं। फेस्टिवल 'जीरो वेस्ट' आयोजन के रूप में आयोजित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण कदम था।

## रोज फेस्टिवल का गौरवशाली इतिहास

चंडीगढ़ रोज फेस्टिवल की स्थापना 1967 में हुई थी, जो शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल रोज गार्डन में गुलाब की दुर्लभ और विविध किस्मों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव की कल्पना महान बागवान डॉ. एम.एस. रंधावा ने की थी, जिन्होंने गुलाब की खेती और संरक्षण को बढ़ावा दिया। रोज गार्डन का नाम भारत के तीसरे राष्ट्रपति, डॉ. ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में रखा गया, जो प्रकृति और बागवानी के बड़े प्रेमी थे। तब से यह फेस्टिवल न केवल फूलों का उत्सव बल्कि चंडीगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण की मुहिम का भी प्रतीक बन चुका है।






# पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हेल्थ, ब्यूटी और वेलनेस सिंपोजियम का किया भव्य उद्घाटन

## सामाजिक स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण पर जोर दिया

22 फरवरी 2025

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया हेल्थ, ब्यूटी और वेलनेस सिंपोजियम के द्वितीय संस्करण के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने सारगर्भित संबोधन में उन्होंने टीबी-मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकारी और सामाजिक भागीदारी की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक कल्याण और वेलनेस सेक्टर में हो रहे नवाचारों की सराहना की और इस क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों तथा नई नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। इस सिंपोजियम ने उद्योग, प्रशासन और समाज के विभिन्न हिस्सों को एक मंच पर लाकर समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए नई दिशा निर्धारित की।




# पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का किया स्वागत, चंडीगढ़ को खेल के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने पर हुई रणनीतिक चर्चा

22 फरवरी, 2025



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का हार्दिक स्वागत किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कल्याण की बहुपक्षीय पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया। विशेष रूप से चंडीगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए समर्पित योजनाओं और संसाधनों के समन्वय पर जोर दिया गया।

# पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में समावेशी शिक्षा की ओर बड़ा कदम यूटी चंडीगढ़ में विशेष शिक्षकों की पहली नियमित भर्ती

**24 फरवरी, 2025**

24 फरवरी 2025 को चंडीगढ़ में एक ऐतिहासिक दिन था, जब पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक, श्री गुलाब चंद कटारिया ने समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नए भर्ती किए गए विशेष शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यह पहल न केवल शिक्षा विभाग के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक नए अध्याय की शुरुआत थी – एक ऐसा अध्याय जहां हर बच्चे को समान अवसर मिले, विशेष जरूरतों वाले बच्चे भी अपनी योग्यता और प्रतिभा के साथ मुख्यधारा का हिस्सा बन सकें।

इस कार्यक्रम के दौरान 22 टीजीटी और 18 जेबीटी कैडर के विशेष शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए, जो भारत सरकार द्वारा 2019 में बनाए गए पदों पर पहली बार नियमित नियुक्ति थी।

समारोह में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और मुख्यधारा के छात्रों द्वारा तैयार हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी ने इस भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत किया।

चंडीगढ़ प्रशासन ने विशेष छात्रों के लिए खेल सुविधाओं को भी बेहतर बनाने का संकल्प लिया है ताकि वे अपने भीतर छुपी प्रतिभा को और उभार सकें। इस प्रकार की पहलें न केवल बच्चों के जीवन को संवारती हैं, बल्कि पूरे समाज को संवेदनशील और समावेशी बनाती हैं।

चंडीगढ़ में लगभग 1.5 लाख छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, जिनमें से 3087 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हैं। इनके लिए अब विशेष शिक्षक और प्रशिक्षण केंद्र मौजूद हैं, जो न केवल उन्हें शिक्षा देते हैं बल्कि उनके जीवन को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।






# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पीएयू के दीक्षांत समारोह में 374 युवा कृषि वैज्ञानिकों को उपाधियाँ प्रदान कर किया सम्मानित

**05 मार्च 2025**



पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना के वार्षिक दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री गुलाब चंद कटारिया ने 374 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं। इनमें 108 विद्यार्थियों को पीएच.डी. और 266 को विभिन्न मास्टर डिग्रियाँ प्रदान की गईं। इस गरिमापूर्ण अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें नैतिकता, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से कहा कि कृषि केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हमें वैश्विक जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ विकास जैसे मुद्दों को ध्यान में रखकर निभाना होगा। उन्होंने पीएयू द्वारा किए गए अनुसंधान, नवाचार और फसल उत्पादकता में योगदान की सराहना की और बताया कि विश्वविद्यालय ने अब तक 950 से अधिक फसल किस्में विकसित की हैं, जिनसे गेहूं और धान की उत्पादकता में क्रांतिकारी वृद्धि हुई है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों, पर्यावरणीय संतुलन और वैज्ञानिक सोच से जोड़ें, ताकि पंजाब की धरती पर हरित क्रांति के नए अध्याय लिखे जा सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पीएयू के छात्र-छात्राएँ आने वाले समय में सतत कृषि विकास की दिशा में देश का मार्गदर्शन करेंगे।



# राज्यपाल श्री कटारिया ने लुधियाना में बुड्डा दरिया पुनर्जीवन परियोजना की प्रगति की कि समीक्षा

**05 मार्च 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना में बुड्डा दरिया पुनर्जीवन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ एवं परियोजना प्रबंधन टीम के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। ाज्यपाल ने परियोजना के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दरिया की सफाई को छोटे-छोटे खंडों में बांटकर समयबद्ध और चरणबद्ध ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि हर हिस्से में सफाई की गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा है, बल्कि स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार लाने वाली एक सामाजिक प्रतिबद्धता भी है। राज्यपाल ने ताजपुर रोड पर स्थापित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसी भी हालत में बिना शोधन के अपशिष्ट जल को बुड्डा दरिया में नहीं छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कड़ाई ही प्राकृतिक जल स्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

अंत में श्री कटारिया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण और शहरी समुदायों में जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक अभियानों का आयोजन करें ताकि हर नागरिक इस परियोजना में सक्रिय रूप से सहयोग दे सके। उन्होंने इस परियोजना को एक मॉडल प्रोजेक्ट बनाने के लिए सभी से समर्पित प्रयास करने की भी अपील की। यह पुनर्जीवन परियोजना लुधियाना की प्राकृतिक विरासत को सुरक्षित करने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, जल संसाधनों के संरक्षण और स्थानीय जनता के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करेगा।





# राज्यपाल श्री कटारिया की अध्यक्षता में हुई स्टेट सैनिक बोर्ड की बैठक - पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु निर्णायक पहल अग्निवीरों के पुनर्वास, 13 प्रतिशत आरक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कल्याण योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर रहा फोकस

07 मार्च 2025



पंजाब राजभवन एक बार फिर देश सेवा को समर्पित जांबाजों की भलाई के संकल्प का साक्षी बना, जब पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में 34वीं स्टेट सैनिक बोर्ड, पंजाब की बैठक आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य शहीदों, भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी उपायों की समीक्षा एवं उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

राज्यपाल ने विभाग में अधिकारियों की रिक्तियों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया, ताकि कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए आरक्षित 13 प्रतिशत कोटे के तहत उपलब्ध नौकरियों का लाभ अधिकतम रूप से दिलवाने हेतु विशेष प्रशिक्षण और रोजगार मेलों की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में 'अग्निवीरों' के पुनर्वास पर विशेष चर्चा हुई। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि सेवानिवृत्त सैनिकों का डेटा केंद्रीय सैनिक बोर्ड और पुनर्वास महानिदेशालय, नई दिल्ली के साथ साझा किया जाए ताकि इस कुशल जनशक्ति का विस्तृत मानचित्रण किया जा सके। बैठक के दौरान राज्यपाल ने निर्देश दिए कि कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को और सशक्त किया जाए, ताकि अंतिम पंक्ति तक बैठे पूर्व सैनिक और उनके परिजन इनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा, रक्षा सेवा कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत, पंजाब के मुख्य सचिव श्री के.ए.पी. सिन्हा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री वी.पी. सिंह, श्री जे.एम. बालामुरुगन, ब्रिगेडियर ढिल्लों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 10वें टाईकॉन चंडीगढ़ में लिया भाग, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बताया प्रगति का आधार

**06 मार्च 2025**

चंडीगढ़ में आयोजित 10वें टाईकॉन चंडीगढ़ सम्मेलन में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने भाग लिया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों की चर्चा करते हुए उद्यमशीलता को राष्ट्र के विकास में अहम बताया। राज्यपाल ने चंडीगढ़ और पंजाब में एक संपन्न स्टार्टअप और आईटी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में टाईकॉन की सराहनीय भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं को आईटी-सक्षम उद्योगों से जुड़ने, नवाचार को अपनाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल करने के लिए प्रेरित किया।




# महिला उद्यमियों को सम्मानित कर महिला सशक्तिकरण पर जोर

**08 मार्च 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''फेमप्रेन्योर राइजिंग स्टार्स 2025'' पुरस्कार समारोह में देशभर की महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण देश की प्रगति के लिए जरूरी है। राज्यपाल ने महिला उद्यमियों की मेहनत, नवाचार और नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और कौशल विकास के अवसर देने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की सफल महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिससे महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिला।




# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'प्रेरणा' के जरिए नारी शक्ति को दी नई उड़ान, चंडीगढ़ में महिला दिवस पर उत्सव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'प्रेरणा' नामक पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें चंडीगढ़ की 20 उल्लेखनीय महिलाओं की प्रेरक यात्राओं को दिखाया गया है, जिन्होंने बाधओं को तोड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टा हासिल की।



उन्होंने महिलाओं को सम्मानित करते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मिशन शक्ति, लखपति दीदी और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला। सांसद मनीष तिवारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और महिलाओं की उपलब्धियों को मान्यता देने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में पुस्तिका विमोचन, पैनल चर्चा, अनुभव-साझाकरण और कला प्रदर्शनी जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को किया संबोधित, नैतिक मूल्यों व सेवा भावना अपनाने का आह्वान

**08 मार्च 2025**



श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह दिनांक 8 मार्च, 2025 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने विश्वविद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण दिया।

इस अवसर पर तीन छात्रों को राज्यपाल पदक प्रदान किए गए, जिन्होंने सर्वोच्च CGPA प्राप्त किया। साथ ही, 33 शोधकर्ताओं को पीएचडी की उपाधियाँ प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, 700 से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक एवं परास्नातक डिग्रियां प्रदान की गईं तथा 27 छात्रों को विश्वविद्यालय पदक से सम्मानित किया गया।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में राज्यपाल श्री कटारिया ने छात्रों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा उनके धर्म के प्रति अटल निश्चय और दृढ़ संकल्प का अनुसरण करने के लिए कहा।

राज्यपाल ने यह भी कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी, जो पवित्र ग्रंथ में निहित उच्चतम मूल्यों से प्रेरणा लेती है, के विद्यार्थियों की जिम्मेदारी और भी अधिक है कि वे इस संकट के दौर में समाज के दीपस्तंभ बनें और अपने अल्मा मेटर, पंजाब और भारत का नाम रोशन करें।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल विद्यमान ज्ञान के प्रसार का केंद्र है, बल्कि नए ज्ञान के निर्माण का भी स्रोत है। उन्होंने विश्वविद्यालय के इस दिशा में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।





# भारत की माननीय राष्ट्रपति का चंडीगढ़ और पंजाब में भव्य स्वागत राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया के साथ तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत

**10 मार्च 2025**

भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने चंडीगढ़ और पंजाब के तीन दिवसीय दौरे की औपचारिक शुरुआत की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनका भव्य स्वागत चंडीगढ़ टेक्निकल एयरपोर्ट पर किया गया, जहाँ प्रदेश एवं केंद्र शासित क्षेत्रों के शीर्ष नेतृत्व ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रपति महोदया का पुष्पगुच्छ अर्पित कर तथा हार्दिक शुभेच्छाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



# केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा का 10वां दीक्षांत समारोह – शिक्षा और नवाचार की प्रेरणा

**11 मार्च 2025**



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मुख्य अतिथि के रूप में इस दीक्षांत समारोह की गरिमा को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विद्यार्थियों को उनके उत्कर्ष और समर्पण के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में अद्भुत उपलब्धियों का जश्न मनाया और युवाओं को समाज सेवा तथा राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी। राष्ट्रपति के प्रेरक संबोधन ने युवा प्रतिभाओं में नयी ऊर्जा का संचार किया।

# एम्स बठिंडा के प्रथम दीक्षांत समारोह का गौरवपूर्ण आयोजन

**11 मार्च 2025**




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस ऐतिहासिक समारोह को संबोधित किया, जिसमें 85 डिग्रियां और 15 स्वर्ण पदक वितरण किए गए। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस प्रतिष्ठित अवसर पर भाग लिया। छात्रों ने पारंपरिक 'चरक शपथ' लेकर अपने चिकित्सीय पेशे के प्रति निष्ठा जताई। यह समारोह चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण था।

# पंजाब राजभवन में राष्ट्रपति के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन

**11 मार्च 2025**



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में पंजाब राजभवन में भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पंजाब और हरियाणा के मुख्य न्यायाधीश श्री शील नागू, संसद सदस्य, पंजाब के कैबिनेट मंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पंजाब राजभवन में रुद्राक्ष पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का नया संदेश दिया

**12 मार्च 2025**




भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने चंडीगढ़ प्रवास के दौरान पंजाब राजभवन परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। वे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इस पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब राजभवन के अधिकारियों और स्टाफ के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई, जो कार्यक्रम को यादगार बना गया। यह आयोजन पर्यावरण जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बना, जिसने सभी के मन में स्थायी प्रेरणा छोड़ी।

# पंजाब विश्वविद्यालय में 72वें दीक्षांत समारोह का ऐतिहासिक आयोजन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया रहे मुख्य अतिथि

**12 मार्च 2025**

पंजाब विश्वविद्यालय के 72वें दीक्षांत समारोह में लगभग 3,000 से अधिक छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम की शोभा भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति से बढ़ गई। राष्ट्रपति महोदया ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया, जबकि राज्यपाल श्री कटारिया ने उन्हें सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुंचने का संदेश दिया। यह समारोह पंजाब विश्वविद्यालय और पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण साबित हुआ।












# स्वास्थ्य और आशा के प्रतीक बने राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, टीबी उन्मूलन की दिशा में जलाए उम्मीद के दीप

**20 मार्च 2025**




पंजाब राज भवन में विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों को अत्यंत आवश्यक बताया। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी और प्रशासन एकजुट होकर इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेगा।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में नि:शुल्क नेत्र सेवा हेतु मोबाइल आई क्लिनिक वैन को दिखाई हरी झंडी

**20 मार्च 2025**



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'विरासत-2025' में युवाओं को नशा मुक्त जीवन का दिलाया संकल्प

**21 मार्च 2025**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में आयोजित 'विरासत-2025' के समापन अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान और शिक्षक युवाओं को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने समाज के हर वर्ग से 'नशा मुक्त भारत अभियान' में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में सूफी गायक डॉ. सतिंदर सरताज की प्रस्तुति ने माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। सरताज ने अपने गीतों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का भावपूर्ण संदेश दिया।



# पंजाब विधानसभा में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का संबोधन जनहित और सुशासन की दिशा में स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत

**21 मार्च 2025**



पंजाब के माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 16वीं पंजाब विधानसभा के आठवें बजट सत्र का शुभारंभ अपने अभिभाषण से किया। राज्यपाल के संबोधन ने न केवल सत्र की औपचारिक शुरुआत को चिह्नित किया, बल्कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धताओं, विकास योजनाओं और सुशासन के प्रति दृष्टिकोण को भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। अपने अभिभाषण में श्री कटारिया ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें कृषि क्षेत्र में किसानों को आर्थिक और तकनीकी सहायता, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु उठाए गए कदम शामिल थे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि राज्य सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए समावेशी नीतियों को अपनाया है, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल सके।

राज्यपाल ने आने वाले समय के लिए नीतिगत प्राथमिकताओं और लक्ष्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, जिनमें पर्यावरणीय स्थिरता, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल प्रशासन और बुनियादी ढांचे का सशक्तिकरण शामिल है। उन्होंने आशा जताई कि ये प्रयास राज्य को सामाजिक और आर्थिक रूप से अधिक समृद्ध बनाएंगे। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने लोकतंत्र की नींव मानी जाने वाली विधायिका की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि विधानसभा वह मंच है जहाँ विविध विचारों का आदान-प्रदान जनहित में होना चाहिए। उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से रचनात्मक, सकारात्मक और जिम्मेदार संवाद की अपेक्षा की, जिससे सदन की गरिमा बनी रहे और निर्णय प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो सके। राज्यपाल का यह अभिभाषण न केवल बजट सत्र की शुरुआत का संकेत था, बल्कि यह राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच, योजनाओं की दिशा और प्रशासन के प्रति उत्तरदायित्व को भी प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट सत्र के माध्यम से पंजाब विकास, समावेश और सुशासन की दिशा में एक और सशक्त कदम आगे बढ़ाएगा।



# राज्यपाल के नेतृत्व में बिहार दिवस का भव्य आयोजन

**22 मार्च 2025**

पंजाब राज भवन, चंडीगढ़ में बिहार स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, लोक कलाओं और सामाजिक मूल्यों की जीवंत झलक देखने को मिली। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और उपस्थित जनसमूह को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को नई दिशा मिलती है और राज्यों के बीच आपसी समझ, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि बिहार न केवल प्राचीन सभ्यता और शिक्षा का केंद्र रहा है, बल्कि आज भी अपनी संस्कृति, साहित्य और समाज सेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है।









कार्यक्रम में प्रस्तुत पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत, नाटक और गीतों के माध्यम से बिहार की विविध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि लोगों को अपने सांस्कृतिक मूलों से जुड़ने और गर्व की अनुभूति कराने वाला अनुभव भी रहा। बिहार फाउंडेशन और चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी की सहभागिता ने इस आयोजन को एक सांस्कृतिक संगम का रूप दे दिया, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, छात्र एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह समारोह सांस्कृतिक समरसता और विविधता की सशक्त अभिव्यक्ति बना।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने रामकृष्ण मिशन आश्रम के वार्षिक उत्सव के समापन समारोह में साझा किया आध्यात्मिक एकता का संदेश

**23 मार्च 2025**

रामकृष्ण मिशन आश्रम, चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के समापन समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद, माँ शारदा और श्री रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया और मिशन द्वारा सेवा व आध्यात्मिकता को जोड़ने के प्रयासों की सराहना की।




# पंजाब के मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की सौहार्दपूर्ण शिष्टाचार भेंट, जनकल्याण और सहयोग पर हुई चर्चा

**24 मार्च 2025**



पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब राज भवन में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जहां शासन, जनकल्याण योजनाओं और रंगला पंजाब के सपने को साकार करने पर संवाद हुआ। दोनों नेताओं ने जनता की सेवा और राज्य-केंद्र समन्वय को मजबूत करने के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

# पंजाब राजभवन में एनएसएस स्वयंसेवकों का सम्मान, राज्यपाल ने युवाओं को सेवा भाव और अनुशासन की दी प्रेरणा

**24 मार्च 2025**

पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के एनएसएस स्वयंसेवकों ने पंजाब राजभवन में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस परेड प्रतिभागियों और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा, तकनीकी ज्ञान के सदुपयोग और अनुशासित जीवन की प्रेरणा दी। इस सम्मान समारोह में क्षेत्रीय निदेशक सहित अनेक एनएसएस पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# चंडीगढ़ की नई खेल नीति - 2,394 खिलाड़ियों को 10.18 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति, खेलों के भविष्य की नई उड़ान

**25 मार्च 2025**




खेलों के प्रति जुनून और प्रतिबद्धता को आर्थिक समर्थन के साथ जोड़ते हुए, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 25 मार्च 2025 को चंडीगढ़ के मेधावी खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सेक्टर-42 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स में आयोजित इस भव्य समारोह में 2,394 खिलाड़ियों को कुल 10.18 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई, जो चंडीगढ़ प्रशासन की नई खेल नीति के तहत खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य का रास्ता खोलने वाली बड़ी पहल है।

## छात्रवृत्ति राशि में अभूतपूर्व वृद्धि

इस नीति के तहत विभिन्न श्रेणियों में खिलाडि़यों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि में बढ़ोतरी की गई है। अंडर-23 श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता को 60,000 रुपये, रजत पदक विजेता को 54,000 रुपये, कांस्य पदक विजेता को 48,000 रुपये; अंडर-19 श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता को 48,000 रुपये, रजत पदक विजेता को 42,000 रुपये, कांस्य पदक विजेता को 36,000 रुपये; और अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए 36,000 रुपये, रजत पदक के लिए 30,000 रुपये तथा कांस्य पदक के लिए 24,000 रुपये की छात्रवृत्ति निर्धारित की गई है। राज्यपाल ने चंडीगढ़ की गौरवशाली खेल विरासत को याद करते हुए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, क्रिकेट के महान कपिल देव और हॉकी के दिग्गज खिलाड़ियों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस नई नीति से आने वाले वर्षों में और अधिक खेल सितारे उभरेंगे, जो न केवल शहर बल्कि देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर राज्यपाल ने खिलाड़ियों को हौसला देते हुए कहा, आप सभी में अपार संभावनाएं हैं। सही मार्गदर्शन, मेहनत और अनुशासन से आप न केवल अपनी मंजिल पा सकते हैं, बल्कि देश का मान भी बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर चंडीगढ़ के मुख्य सचिव, श्री राजीव वर्मा, खेल सचिव, श्रीमती प्रेरणा पुरी, खेल निदेशक, श्री सोरभ कुमार अरोड़ा सहित खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की प्रेरक उपस्थिति में चंडीगढ़ में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**22 मार्च 2025**





चंडीगढ़ स्थित राजकीय योग शिक्षा एवं स्वास्थ्य महाविद्यालय में, उच्चतर शिक्षा निदेशालय और आयुष विभाग के तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग के सहयोग से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा योग के वैश्विक प्रचार की सराहना की और भारत की प्राचीन विरासत को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में योग अनुसंधान में योगदान देने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

# राजस्थान दिवस और श्याम संग होली मिलन समारोह में पंजाब के राज्यपाल की सहभागिता

**29 मार्च 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने कला ग्राम में आयोजित राजस्थान दिवस और श्याम संग होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस रंगीन और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने राजस्थान की समृद्ध विरासत और होली के त्योहार की खुशियों को एक साथ मिलाया।

राज्यपाल ने समारोह में मौजूद कलाकारों और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर उत्सव की धूम को बढ़ावा दिया, और रंगों के त्योहार होली की महत्ता को समझाते हुए सभी को एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर कला ग्राम ने राजस्थान की लोक संस्कृति और पारंपरिक कला रूपों को जीवंत करते हुए एक यादगार सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत किया, जिसने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया कटारिया की अध्यक्षता में राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम

**30 मार्च 2025**

पंजाब राजभवन में राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक योगदान और आधुनिक विकास को दर्शाया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने राजस्थान की राजसी परंपराओं और ओडिशा की कला एवं उत्सवों की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल को सराहा, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में घूमर और ओडिसी नृत्यों के सांस्कृतिक प्रदर्शन ने माहौल को जीवंत बनाया, जबकि कई गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की गरिमा बढ़ाई। यह आयोजन विविधता में एकता के भारतीय मूल्यों का प्रभावशाली उत्सव था।











# शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त पहल – चंडीगढ़ में 281 नव-नियुक्त जेबीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित

**01 अप्रैल 2025**









चंडीगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 281 नवचयनित जूनियर बेसिक ट्रेनिंग (जेबीटी) शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह राज्य स्तरीय भव्य समारोह चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज फॉर गर्ल्स में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन की सक्रिय भागीदारी रही।

यह नियुक्ति समारोह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि चंडीगढ़ प्रशासन की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। इस पहल के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना को भी एक नई दिशा मिली है।

प्रशासक ने बुनियादी शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एक शिक्षक को अपने आचरण में स्वयं आदर्श बनना चाहिए, क्योंकि बच्चे शब्दों से नहीं, बल्कि आचरण से सीखते हैं। उन्होंने इच्छा जताई कि आने वाले एक वर्ष में चंडीगढ़ के सरकारी विद्यालयों के परिणाम निजी विद्यालयों से बेहतर हों और अभिभावक इन स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा करें।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री वी.पी. सिंह, शिक्षा सचिव श्रीमती प्रेरणा पुरी, स्कूल शिक्षा निदेशक श्री हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ सहित शिक्षा विभाग एवं प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इन सभी की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया।

# वीरों की धरती से नशे के खिलाफ हुंकार
# 3 से 8 अप्रैल तक छह दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत

**3 अप्रैल 2025**



नशे के खिलाफ एक निर्णायक जन आंदोलन की शुरुआत करते हुए पंजाब के राज्यपाल और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब के अध्यक्ष श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर से ऐतिहासिक पदयात्रा का नेतृत्व किया। राज्यपाल ने पदयात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा, यह वीरों की धरती है, यहां नशे के लिए कोई स्थान नहीं। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकें। इस अवसर पर श्री कटारिया ने गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, डेरा बाबा नानक में मत्था टेका और पंजाब के कल्याण की प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से ज़रूरतमंदों को ट्राइसाइकिलें भी वितरित कीं। श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर, डेरा बाबा नानक की पवित्र धरती से जब राज्यपाल के नेतृत्व में नशा विरोधी पदयात्रा का आरंभ हुआ, तो यह एक प्रेरणादायक सामाजिक आंदोलन बन गया। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था कि अब पंजाब की भूमि को नशे से मुक्त करने के लिए राज्य की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।



# नशे को मिटाने का सामूहिक संकल्प

**04 अप्रैल 2025**



राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने स्पष्ट किया कि नशा पंजाब की धरती को खोखला कर रहा है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, नशा मुक्त पंजाब और नशा मुक्त भारत बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अपने गली-मोहल्लों के बाहर बोर्ड लगाएं, जिन पर लिखा हो—हम नशे का डटकर विरोध करते हैं—ताकि यह संदेश व्यापक स्तर पर फैले।



यह पदयात्रा बंदेशा रिजॉर्ट, गांव ढांडे से आरंभ होकर फतेहगढ़ चूड़ियां के मुख्य बाज़ारों से होती हुई पंडित मोहन लाल एस.डी. महिला कॉलेज में संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति अभियान में भागीदारी की शपथ भी दिलाई।

राज्यपाल श्री कटारिया ने विलेज डिफेंस कमेटियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर नशे की रोकथाम में उनके योगदान की सराहना की और उन्हें विशेष सम्मान देने की घोषणा की। उन्होंने उनकी भूमिका को जन सहयोग की रीढ़ बताया और उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।



# राज्यपाल का आह्वान- युवाओं को खेलों से जोड़ें, नशे से दूर रखें

05 अप्रैल 2025

राज्यपाल ने युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हुए ग्राम रक्षा समितियों को खेल स्टेडियम स्थापित करने की सलाह दी ताकि युवाओं की ऊर्जा रचनात्मक दिशा में लगे। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रमनदीप सिंह (ओलंपियन) और आकाशदीप सिंह (अर्जुन पुरस्कार विजेता) भी इस पदयात्रा में शामिल हुए और उन्होंने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को प्रेरित किया।



शहीद भगत सिंह ग्रुप ऑफ कॉलेज, फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार या मेरी पैदल यात्रा से नहीं जीती जा सकती; इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है।

उन्होंने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों से अपने-अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। विशेष रूप से अभिभावकों को आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को खेल के मैदानों, गुरुद्वारों, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों से जोड़ें।





# राज्यपाल ने निकाली नशा विरोधी पदयात्रा, बोले- हर नागरिक की भागीदारी से ही बनेगा नशा मुक्त पंजाब

**06 अप्रैल 2025**



पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने अमृतसर देहाती के गांव मज्जूपुरा से चेतनपुरा तक नशा विरोधी पदयात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि पंजाब की वीरभूमि को नशे के अंधकार में नहीं गिरने देंगे और लोगों से इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

फतेहगढ़ चूड़ियां रोड स्थित शहीद भगत सिंह ग्रुप ऑफ कॉलेज में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सीमावर्ती राज्य होने के कारण पंजाब में नशीली दवाओं की तस्करी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां, सीमा बल और ग्राम स्तरीय रक्षा समितियां पूरी सजगता से कार्य कर रही हैं। सीमा पर एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है।

राज्यपाल ने बच्चों, युवाओं और उनके माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों और धार्मिक स्थलों से जोड़ें, क्योंकि खेलों से अनुशासन और नेतृत्व का विकास होता है, जबकि मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों से जुड़ाव बच्चों को सामाजिक बुराइयों से दूर रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन गांवों में खेल स्टेडियमों के निर्माण की योजना पर कार्य कर रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा केवल सरकारी प्रयासों से समाप्त नहीं होगा, बल्कि समाज के हर वर्ग–बच्चों, युवाओं, माता-पिता, शिक्षकों और पंचायती संस्थाओं–की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। ऑक्सफोर्ड स्कूल से शहीद भगत सिंह कॉलेज तक निकली इस पदयात्रा में सैकड़ों छात्र, नागरिक, अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हुए, जिससे यह एक जन आंदोलन का रूप लेता दिखाई दिया।





# राज्यपाल कटारिया की नशा विरोधी मुहिम को अमृतसर में मिला व्यापक समर्थन

**07 अप्रैल 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा डेरा बाबा नानक से शुरू की गई नशा विरोधी पदयात्रा अमृतसर शहर में पहुँची। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज, परिवार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं को खेल, शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि उनकी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगे।

राज्यपाल ने यह भी सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं विकसित की जाएं और युवाओं को खेती तथा पारिवारिक व्यवसायों से जोड़ा जाए। यात्रा को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों तेजवीर सिंह हुंदल और जुगराज सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियों और अधिकारियों का समर्थन मिला।

**गुरु नानक देव** विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में राज्यपाल ने ग्रामीण सुरक्षा समितियों से संवाद करते हुए उन्हें नशा तस्करी के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और प्रशासन से इन समितियों को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की।








# नशा विरोधी पदयात्रा का जलियांवाला बाग में समापन

## "यह अंत नहीं शुरुआत है - राज्यपाल"

**08 अप्रैल 2025**

जलियांवाला बाग में नशा विरोधी पदयात्रा का समापन करते हुए राज्यपाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेशवासियों से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक हर नागरिक इस अभियान में भाग नहीं लेता, तब तक नशे के खिलाफ जंग अधूरी रहेगी। यह केवल सरकार या किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इस विषय पर राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग करें। उन्होंने युवाओं, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संगठनों, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा समितियों और ग्रामीण संगठनों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके लिए और अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया। यह पदयात्रा नशे के खिलाफ एक प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि पंजाब के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक ठोस प्रयास है।









# पंजाब राजभवन में हिमाचल दिवस की धूम
# संस्कृति, लोक कला और एकता की बिखरी मनमोहक छटा

**18 अप्रैल, 2025**

पंजाब राजभवन में हिमाचल प्रदेश के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की प्रगति, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और देश के विकास में उसके योगदान की सराहना करते हुए प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में प्रस्तुत किए गए पारंपरिक लोकनृत्य, हिमाचली संगीत, पारंपरिक वेशभूषा और हस्तशिल्प प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, शिक्षा और पर्यटन में योगदान का उल्लेख करते हुए इसे देश का गौरव बताया।











# एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर विमेन चंडीगढ़ में दीक्षांत समारोह

**20 अप्रैल, 2025**

एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ के दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने ८१८ स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं। राज्यपाल ने अपने प्रेरक संबोधन में शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न मानने का आग्रह करते हुए इसे चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को देश के विकास, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षित युवा पीढ़ी को नवाचार, नेतृत्व और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए, ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। राज्यपाल श्री कटारिया ने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए संस्थान को महिला शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त मंच बताया।









# बल्ला घुमाओ, नशा भगाओ- चंडीगढ़ में तीसरे गली क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य उद्घाटन

**19 अप्रैल 2025**

चंडीगढ़ के खेल परिदृश्य में एक नई लहर की शुरुआत हुई जब तीसरे गली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं के उत्साह और सामाजिक उद्देश्य के साथ हुआ। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने इस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और युवाओं को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहते हुए खेल के जरिए आत्मविकास की राह पर आगे बढ़ें।

इस टूर्नामेंट को बल्ला घुमाओ, नशा भगाओ की थीम के साथ आयोजित किया गया, जिसने इसे एक सामाजिक आंदोलन में परिवर्तित कर दिया। आयोजन का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना नहीं था, बल्कि युवाओं को रचनात्मक और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों में व्यस्त रखना भी था – जिससे नशे जैसी बुराइयों से बचाया जा सके।

## 20 लाख के अनुदान से मिला नया संबल

श्री कटारिया ने गली क्रिकेट को गलियों को नेतृत्व से और सड़कों को स्टेडियम से जोड़ने वाला आंदोलन बताया। उन्होंने टूर्नामेंट के बुनियादी ढांचे और विस्तार के लिए 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की, जिससे आयोजकों को प्रशिक्षण, संसाधनों और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।






## ट्रॉफी और कॉफी टेबल बुक का हुआ अनावरण

इस अवसर पर राज्यपाल ने 2025 संस्करण की भव्य ट्रॉफी का अनावरण किया, साथ ही 2024 टूर्नामेंट की यादों को समेटती एक सुंदर कॉफी टेबल बुक भी जारी की गई, जिसमें जुनून, प्रतिभा और संघर्ष की कहानियाँ संजोई गई थीं। इस वर्ष टूर्नामेंट ने भागीदारी के नए आयाम स्थापित किए – 512 लड़कों की टीमों और 128 लड़कियों की टीमों के साथ कुल 7,600 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह आंकड़ा खुद इस बात का प्रमाण है कि यह आयोजन युवाओं के दिलों में कितनी गहरी जगह बना चुका है।10 ओवर प्रति साइड प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को चंडीगढ़ के 18 मैदानों में आयोजित किया गया, जिससे सभी टीमों के लिए पहुंच आसान हो सके। टूर्नामेंट का समापन 11 मई, 2025 को होने वाले ग्रैंड फिनाले में होगा।



# समग्र विकास की ओर एक कदम - चंडीगढ़ में 16 उन्नत आंगनवाड़ी केंद्रों का उद्घाटन

**21 अप्रैल, 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में 16 नवसृजित और अत्याधुनिक मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया, जो बच्चों की बेहतर पोषण सुविधा, स्वास्थ्य देखभाल और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि ये केंद्र माताओं को जागरूकता, परामर्श और पोषण संबंधी सहयोग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक योगदान देंगे। श्री कटारिया ने आंगनवाड़ी व्यवस्था को समाज के सबसे नाजुक वर्ग–बालक और मातृ समुदाय–के लिए एक सुरक्षा कवच बताते हुए कहा कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नारी-सशक्त भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने इन केंद्रों को सेवा, समर्पण और समाज निर्माण की प्रेरणादायक मिसाल करार दिया।





यह पहल न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई गति प्रदान करेगी। राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि नागरिक इन केंद्रों से जुड़कर एक समावेशी और संवेदनशील समाज के निर्माण में सहयोग करें। राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने यह भी कहा कि तकनीक और नवाचार के समावेश से आंगनवाड़ी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से इन केंद्रों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। अंत में, उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये नवसृजित केंद्र चंडीगढ़ को एक 'बाल और मातृ-हितैषी' मॉडल शहर के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।





## 9 अप्रैल, 2025

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विश्व महामंत्र नवकार दिवस के अवसर पर पीर मुछल्ला, जीरकपुर में आयोजित धार्मिक समारोह में भाग लेकर साध्वी श्री के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और नवकार महामंत्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों को आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा युवाओं से धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ने का आह्वान किया।

## 20 अप्रैल, 2025

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी आयुर्वेद अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल रीढ़ संबंधी विकारों के आयुर्वेदिक इलाज में विशेषज्ञता रखेगा और अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देगा। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र चंडीगढ़ ही नहीं, आसपास के राज्यों को भी लाभ देगा। आधुनिक तकनीक और प्राचीन चिकित्सा का समावेश इस संस्थान को आयुर्वेदिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाएगा।






## 25 अप्रैल, 2025

पंजाब कला भवन, चंडीगढ़ में आयोजित '11वीं वार्षिक महिला कलाकारों की कला प्रदर्शनी-2025' का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया। प्रदर्शनी में चित्रकला, मूर्तिकला, मिश्रित मीडिया और पारंपरिक शैलियों की अनूठी कृतियाँ प्रदर्शित की गईं, जिन्होंने दर्शकों को नारी शक्ति के विविध आयामों से रूबरू कराया।

## 25 अप्रैल, 2025

अथर्व भारत-2025 शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन चंडीगढ़ में संपन्न हुआ, जिसमें पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, युवा सशक्तिकरण, और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



# चंडीगढ़ में छठे ईट राइट फूड समिट का सफलतापूर्वक शुभारंभ

**25 अप्रैल 2025**

चंडीगढ़ में आयोजित छठे ईट राइट फूड समिट का भव्य उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संतुलित, सुरक्षित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण में जनजागरूकता अभियानों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए सही खानपान को जनआंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, पोषण और जनस्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञों, छात्रों और नीति-निर्माताओं ने भी सहभागिता की और विचार-विमर्श के माध्यम से बेहतर समाधान प्रस्तुत किए।




# 5वें दिशा इंडियन अवार्ड समारोह में प्रेरणादायक हस्तियों का सम्मान

**30 अप्रैल 2025**


पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने दिशा वुमेन वेलफेयर ट्रस्ट के 5वें दिशा इंडियन अवार्ड समारोह में देशभर से चुनी गई 22 प्रेरणादायक हस्तियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाना सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि समाज में बदलाव का मिशन है।



# चंडीगढ़ स्टार्टअप पॉलिसी 2025 का शुभारंभ

29 अप्रैल 2025

चंडीगढ़ प्रशासन ने पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह के दौरान बहुप्रतीक्षित चंडीगढ़ स्टार्टअप पॉलिसी 2025 का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नीति का अनावरण किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप समुदाय के प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।



## नीति के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएँ

यह नीति अगले पांच वर्षों में 200 से अधिक स्टार्टअप के सृजन और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई है। इसका उद्देश्य युवा, महिलाएं, ट्रांसजेंडर और अन्य वंचित समूहों में उद्यमिता को बढ़ावा देना, स्टार्टअप्स को वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग मजबूत करना है। इसके लिए 10 करोड़ रुपये वार्षिक निधि आवंटित की गई है।

## प्रशासनिक ढांचा और प्रोत्साहन

नीति के क्रियान्वयन के लिए एक हाई पावर कमेटी और पॉलिसी मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई, जो रणनीतिक और संचालन संबंधी निर्णय लेती हैं। स्टार्टअप्स को विभिन्न वित्तीय सहायता, जैसे आइडिया ग्रांट, सीड ग्रांट, कमर्शियलाइजेशन ग्रांट, रेंट सब्सिडी आदि प्रदान किए गए। साथ ही, मुफ्त इन्क्यूबेशन, श्रम कानूनों में छूट और प्रदर्शनी में सब्सिडी जैसी गैर-वित्तीय सुविधाएं भी दी गईं।

## नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा

नीति में स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई में उद्यमिता सेल स्थापित करने तथा शिक्षकों के लिए विकास कार्यक्रम आयोजित करने जैसे कदम शामिल थे। वार्षिक स्टार्टअप उत्सव, हैकाथॉन और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए भी विशेष बजट रखा गया। इस पहल से चंडीगढ़ को एक प्रमुख नवाचार केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।



# खबरों में राज भवन

## राज्यपाल ने 22 शख्सियतों को किया सम्मानित





KATARIA HANDS OVER APPOINTMENT LETTERS TO 281 JBT TEACHERS IN CHANDIGARH

**Chandigarh:** Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria on Tuesday handed over appointment letters to 281 newly appointed Junior Basic Training (JBT) teachers in a state level function organised by Education Department, UT Chandigarh. In his address, the Administrator congratulated the newly recruited JBT teachers and also acknowledged the tireless efforts of the Education department for putting up such a great show in a flawless manner. He mentioned the role of a teacher, whose job might have a humble life but the pride and respect they receive from their students is priceless.

## Gulab Chand Kataria hands over appointment letters to 281 newly appointed JBT teachers

SHASHI PAL JAIN
CHANDIGARH, APR 1



## Punjab Governor Gulab Chand Kataria hands over appointment letters to 281 newly appointed JBT teachers in UT govt schools



## JBT teachers receive appointment letters

**CHANDIGARH :** Punjab governor and Chandigarh administrator Gulab Chand Kataria handed over appointment letters to 281 newly appointed junior basic training (JBT) teachers in a state level function organised by UT education department on Tuesday at Government Post Graduate College for Girls, Sector 42. The administrator expressed his desire to elevate the results of government schools. HTC

## 281 new teachers get job letters

**Chandigarh:** Governor of Punjab and Administrator of Chandigarh, Gulab Chand Kataria, handed over job letters to 281 newly appointed Junior Basic Training teachers in a ceremony organised by the UT education department at Govt Post Graduate College for Girls, Sector 42.

Kataria emphasised the role of teachers in shaping the country's future and said basic education plays a crucial role in children's development. He urged teachers to set an example through their conduct and work towards improving govt school performance. He expressed hope that next year govt schools would surpass private institutions in results, attracting more students.

**Of the 1,391 sanctioned Junior Basic Training (JBT) posts, 469 were vacant**

Chandigarh has 111 govt schools with about 1.5 lakh students, including over 42,000 at the primary level. Of the 1,391 sanctioned JBT posts, 469 were vacant. A structured recruitment process was followed to ensure transparency in appointing the 281 teachers.

## नए शिक्षकों के कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी : कटारिया

प्रशासक ने 281 नवनियुक्त जे.बी.टी. को नियुक्ति पत्र सौंपे



कहा- शिक्षा को मिशन के रूप में अपनाएं

शिक्षा प्रणाली और सुदृढ़ होगी

## प्रशासक ने 281 नवनियुक्त जेबीटी शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र



प्रशासक बोले, नए शिक्षकों के कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी

## नए शिक्षकों के कंधों पर देश के भविष्य की जिम्मेदारी : राज्यपाल कटारिया



## सरकारी स्कूलों को ऐसा बनाएं कि सभी अपने बच्चों को उनमें पढ़ाएं



## राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों में 281 नवनियुक्त जेबीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे



नौकरी मिली | 281 नवनियुक्त जेबीटी टीचर्स को प्रशासक ने सौंपे अपॉइंटमेंट लेटर्स

## टीचर का काम केवल प्रोफेशन नहीं, यह समाज और देश सेवा के लिए भगवान की ओर से दिया गया अवसर है : कटारिया



469 पद खाली थे

# खबरों में राज भवन

## Kataria confers degrees on 251 doctors at BFUHS convocation

HT Correspondent



Punjab governor Gulab Chand Kataria conferring a degree on a medical graduate at the BFUHS in Faridkot on Monday. HT PHOTO

FARIDKOT: Punjab governor Gulab Chand Kataria on Monday emphasised the importance of ethics and dedication in the medical profession, urging graduates to "Come to learn, leave to serve." Presiding over the convocation at Guru Gobind Singh Medical College, Faridkot, Kataria awarded degrees to 251 medical and allied services graduates. He highlighted the profession's critical role in society and encouraged students to uphold honesty and integrity.

Lauding Baba Farid University of Health Sciences (BFUHS) for its excellence in medical education, he appreciated vice-chancellor Dr Rajeev Sood for introducing new courses to advance healthcare education in Punjab.

To recognise academic excellence, three chancellor medals, 22 gold medals, and three silver medals were awarded, including MBBS toppers' gold medals sponsored by the Sita Ram Jindal Foundation.

Dr Sood congratulated the graduates, urging them to apply their skills for society's benefit with integrity and dedication.

The event was attended by BFUHS board of management chairman Dr Gurpreet Singh Wander, principal secretary to the governor Vivek Partap Singh, and medical education and research principal secretary Kumar Rahul.

## डाक्टरी पेशे की समाज की तंदुरुस्ती व विकास में मुख्य भूमिका : कटारिया


राज्यपाल ने बाबा फरीद यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में की शिरकत



## 17 military officers meet guv Kataria

CHANDIGARH: A 17-member study team from the 65th NDC course at the National Defence College, New Delhi, met Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria on Monday. The team, led by NDC commander Air Marshal Hardeep Bains, comprised military officers from India, Mongolia, Sri Lanka, Egypt, Republic of Korea, Oman, and Russia, who are undergoing training in the fields of national security

## National Defence College study team calls on Governor of Punjab



## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल ने की राज्यपाल व प्रशासक से भेंट

## एनडीसी के अध्ययन दल ने की चंडीगढ़ के प्रशासक से भेंट

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल ने चंडीगढ़ प्रशासक से की भेंट

ADMINISTRATOR'S ADVISORY COUNCIL MEETING

## Making UT slum-free; policy for elderly's safety discussed

Underutilisation of civil hospitals in Sector 45, Manimajra also taken up



## Mayor briefs UT Administrator on civic body's finances, seeks immediate support





## Joint efforts needed to address city's challenges, says Kataria

## अवध कब्जे पर प्रशासन करेगा सख्ती, लाल डोरे के मुद्दे पर भी प्रशासक का कड़ा रुख



## मेंबर्स ने कहा- मीटिंग सिर्फ औपचारिकता न बने प्रोसिडिंग्स के साथ एक्शन टेकन रिपोर्ट भी बनाए

## वर्षों से वही मुद्दे, प्रशासक बोले- इसे सिर्फ सलाह देने वाली कमेटी न समझें

## लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता: कटारिया

- 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स ने पंजाब राज्यपाल में प्रशासक से की मुलाकात



## Punjab Governor starts foot march against drug menace

As drug menace continues to plague the State, Punjab Governor Gulab Chand Kataria on Thursday started a six-day foot march to create awareness against the problem. The march, which will be covering Gurdaspur and Amritsar districts, was kicked off from the Kartarpur Sahib corridor, Dera Baba Nanak in Gurdaspur. The march will culminate at Jallianwala Bagh in Amritsar on April 8. Addressing a gathering, Mr. Kataria said Punjab has been facing challenges from the neighbouring country (Pakistan), which is fighting a proxy war by sending drugs to create problems in India.



# खबरों में राज भवन

## डा. महावीर बने सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त



## चंडीगढ़ सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त बने डॉ. महावीर सिंह



## डॉ. महावीर सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त बने



कार्यभार संभाला, बोले- आईटी के इस्तेमाल पर दिया जोर

## Right to Service panel head takes oath



Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria administers oath of office to Mahavir Singh as Chief Commissioner of the Chandigarh Right to Service Commission at Raj Bhavan.

## राज्यपाल का जल संरक्षण व जैविक खेती पर जोर



## Unemployment fuelling drug menace: Governor



## Anti-drug fight: Leading from the front



Punjab governor Gulab Chand Kataria during the third day of his 'padyatra' against drug at Fatehgarh Churian, Gurdaspur, on Saturday.

## सीमा पार से नशा तस्करी रोकने के लिए ग्राम रक्षा समितियों को मजबूत किया जाएगा : राज्यपाल





## नशे के नेटवर्क को तोड़ने में हर वर्ग का सहयोग लेंगे : कटारिया



## Guv Kataria felicitates entrepreneurs





## सीमावर्ती इलाकों में 'विलेज डिफेंस' कमेटियों को मजबूत करेंगे : कटारिया



## Drug abuse, frequent protests derailed state's progress: Guv



## UT admn celebrates spirit of womanhood





# खबरों में राज भवन

सेक्टर-18 के पीएमश्री जीजीएमएसएस में देखा गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

## बच्चों ने पीएम से सीखे लीडर बनने के गुर







गुरुकुल ग्लोबल के छात्रों ने भी देखा कार्यक्रम

## Guv hands appointment letters to PGT lecturers, ending 30-yr wait

**RECRUITMENT MILESTONE**

- Punjab governor Gulab Chand Kataria distributed appointment letters to 78 newly recruited PGT lecturers
- This marks a significant achievement for the education department as appointments were made after 30 years
- The event also celebrated fine arts teachers from the department of schools education, whose tableau won at the Republic Day celebration



## Kataria hands over joining letters to 78 PGT lecturers

## 30 साल का इंतजार खत्म, स्कूलों को मिले 78 नए पीजीटी





## प्रशासक ने 78 पीजीटी को नियुक्ति पत्र सौंपे



## चंडीगढ़ शिक्षा विभाग को मिले 78 लेक्चरर



## Traffic curbs for Murmu visit spell chaos

Tribune News Service

Chandigarh, March 10

Traffic restrictions imposed by the police during President Droupadi Murmu's arrival to the city led to massive jams on main roads this evening. The president is on her three-day visit to Chandigarh and Punjab.

The traffic was regulated on the Dakshin Marg from the Airport Light Point to the New Labour Chowk (Sector 20/21-33/34) and on the Sarovar Path from the New Labour Chowk towards Hira Singh Chowk (Sector 5/6-7/8) up to the Punjab Raj Bhawan between 5.15 pm and 6.30 pm.

Serpentine queues were witnessed on the Dakshin Marg as traffic came to a standstill during the road closure. As motorists explored alternative routes, internal roads were also choked with traffic. The police had issued

CONTINUED ON PAGE 4



Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria, Haryana Governor Bandaru Dattatreya, Punjab Chief Minister Bhagwant Singh Mann, Haryana CM Nayab Singh Saini and Mayor Harpreet Kaur Babla welcome President Droupadi Murmu at the Chandigarh Technical Airport on Monday.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं चंडीगढ़, किया स्वागत

■ एयरपोर्ट से लेकर पंजाब राज भवन तक रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम



तैयारियों की समीक्षा बैठक

सिटी एंकर — आज आईएसबी मोहाली, कल पीयू कन्वोकेशन में लेंगी हिस्सा

## राष्ट्रपति दो दिन शहर में, ट्रैफिक होगा डायवर्ट



राष्ट्रपति पहुंचीं चंडीगढ़

11-12 मार्च को सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा पीयू गेट नंबर 1

ये रास्ते आज आम लोगों के लिए बंद रहेंगे

पंजाब यूनिवर्सिटी का 72वां कन्वोकेशन | 822 पीएचडी और 70 मेडलिस्ट को मिली डिग्रियां और अवॉर्ड, राष्ट्रपति ने किया संबोधित

## हर स्टूडेंट के पास चुनौतियों का सामना करने के लिए पॉजिटिव माइंडसेट और एडवांस्ड स्किल सेट होना अनिवार्य : द्रौपदी मुर्मू







पीयू स्टूडेंट की बनी पेंटिंग

कुछ स्टूडेंट्स ने जताया विरोध

## प्रशासक कटारिया श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर नतमस्तक हुए

- कहा, श्री गुरु रविदास जी केवल एक महान संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक थे



# खबरों में राज भवन

## प्रत्येक विद्यार्थी चुनौतियों का सामना करने के लिए सकारात्मक मानसिकता और उन्नत कौशल से हो युक्त : द्रौपदी मुर्मू

पी.यू. के 72वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति बोलीं-टॉपर्स में 80 प्रतिशत से भी अधिक बेटियां हैं, इसलिए ज्यादा बधाई



### शिक्षा-उद्योग संबंध को बढ़ावा देने के लिए पंजाब विश्वविद्यालय की सराहना की



## डिग्री पाकर खिले चेहरे, भरेंगे सुनहरे सपनों की उड़ान

पंजाब विश्वविद्यालय में 72वां दीक्षांत समारोह आयोजित, 822 पीएचडी और 76 पदक विजेताओं को मिली डिग्री









नौकरी की सुरक्षा मिले तो बच्चों को खेलों में भेजेंगे अभिभावक

## पीयू की 72वीं कन्वोकेशन • राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- यहां लड़के-लड़कियों की संख्या लगभग बराबर, लेकिन...

# टॉपर्स में 80% लड़कियां, इन्हें बढ़ावा देने वाले पैरेंट्स को बधाई








Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria, Mayor Harpreet Kaur Babla and UTCA President Sanjay Tandon unveil the cricket trophy at Sector-17 in Chandigarh.

## Pick sports over substance: Guv

Kicks off gully cricket cup

CHANDIGARH, APRIL 19
The 3rd edition of the Gully Cricket Tournament was formally inaugurated by UT Administrator and Punjab Governor Gulab Chand Kataria at the Sector 17 Tiranga Urban Park.

## एमसीएम में वार्षिक दीक्षांत समारोह में 819 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की



## कटारिया ने किया एलैंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



## 818 awarded degrees



## डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय सैक्टर-36 में वार्षिक दीक्षांत समारोह, 819 विद्यार्थियों को बांटी डिग्री



### सैक्टर-50 कॉलेज में 400 स्टूडेंट्स को दी डिग्री



## एडमिनिस्ट्रेटर ने किया गली क्रिकेट सीजन-3 का आगाज



## टीबी उन्मूलन के लिए जनसहभागिता बहुत जरूरी : गुलाब चंद कटारिया



### बच्चों में नेतृत्व क्षमता भी विकसित करें : कटारिया

## On cloud nine



Students in a jubilant mood after receiving their degrees at the annual convocation of MCM DAV College for Women in Sector 36, Chandigarh, on Sunday. UT Administrator Gulab Chand Kataria, who was the chief guest, presented 819 degrees.

# खबरों में राज भवन

## Rose Festival off to a colourful start





## रोज गार्डन में 'जीरो बजट और जीरो वेस्ट' 53वें रोज फेस्टिवल की खूबसूरती निहारने उमड़ी भीड़

यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया उद्घाटन, 829 किस्मों के गुलाब देखे

दिनभर चले विशेष कार्यक्रम, शाम को नाटी किंग ने बांधा समां



## गुलाब हूं... कांटे भी हैं, गलत किया तो चुभेंगे भी

रोज फेस्ट का आगाज

- नगर निगम के आर्थिक संकट पर हजारों-हजारों में बोले प्रशासक गुलाब चंद कटारिया
- नगर निगम के आर्थिक संकट पर ...
- रोज फेस्टिवल की सजावट के अंत में कचरे के बजाय रीसाइकल से बनाने का दिया सुझाव



देश की सबसे व्यवस्थित सिटी है चंडीगढ़, कमी को पहचान दूर करने की जरूरत

## 'विरासत-25' में सतिंदर सरताज लाइव





मिट्टी बनी मित्र, अर्पित मिट्टर

## 'युवाओं को नशे से बचाने में भागीदार बनें'



यूटी प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सुखना लेक पर आयोजित राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। चीफ सेक्रेटरी राजीव वर्मा, उपायुक्त निशांत कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे। • जागरण

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के आयोजित राज्य स्तरीय 'नशा मुक्त भारत अभियान' (ड्रग-फ्री इंडिया कैंपेन) में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया गया। सुखना लेक पर आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, साथ ही चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा और उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने भी हिस्सा लिया।

गुलाब चंद कटारिया ने समाज के हर वर्ग से मादक द्रव्यों के सेवन और नशे की लत के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नशा केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि एक गहरी सामाजिक समस्या है, जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए मुहिम में सभी भागीदार बनें।

उन्होंने नशीली दवाओं के खतरों से निपटने के लिए सामुदायिक जागरूकता, निवारक उपायों, सख्त कानून प्रवर्तन और पुनर्वास कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार का शुरू किया गया 'नशा मुक्त भारत अभियान' एक जन आंदोलन बन गया है, जिसमें छात्रों, युवाओं, शिक्षकों, स्वास्थ्य पेशेवरों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामाजिक संगठनों को जागरूकता बढ़ाने और प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने में शामिल किया गया है। कटारिया ने युवाओं को सकारात्मक विकल्प प्रदान करने और उन्हें नशीली दवाओं के लालच से दूर रखने के लिए खेल, सांस्कृतिक गतिविधि और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का आह्वान किया। 'विश इन द विंड' पहल में प्रतिभागियों ने नशा मुक्त जीवन की अपनी आकांक्षाओं को गुब्बारों पर लिखकर आसमान में छोड़ा, जो एक उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 'नशा मुक्त भारत अभियान' के आधिकारिक शुभंकर का अनावरण किया गया।

## Kataria hands over job letters to 40 special educators

HT Correspondent

CREATED IN 2009, THESE ARE UT'S FIRST REGULAR SPECIAL EDUCATOR APPOINTMENTS, SAY OFFICIALS

CHANDIGARH: Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria handed over appointment letters to 40 special educators during an event organised at Government Model Senior Secondary School, Sector 35, on Monday.

Govt school extension nears completion

## डॉ. सतिंदर सरताज ने आत्मा को छू लेने वाले लाइव प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया





## हम खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करेंगे और उन्हें नौकरी भी देंगे : गुलाब चंद कटारिया



## प्रशासक ने 2,394 मेधावी खिलाड़ियों को 10.18 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति दी







## UT gets 40 special educators in first ever regular recruitment

## मेरे नाम में गुलाब है... इस पर मत जाना, मुझमें कांटे भी हैं : कटारिया



प्रशासक ने किया तीन दिवसीय रोज फेस्टिवल का उद्घाटन, वित्तीय संकट के बीच आयोजन की तारीफ की

प्रशासक बोले: रोज फेस्टिवल के लिए तीन दिन तय करें, हर साल उसी दिन हो, किसी का इंतजार न करें

साल हर साल वक्त से करते हैं रोज फेस्ट का इंतजार

एशिया का सबसे बड़ा रोज गार्डन

# पंजाब राज भवन में लोकतंत्र की जीवंत झलक
# एक यादगार क्षण

**25 मार्च 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन में मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान, विधानसभा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ एक भव्य और यादगार ग्रुप फोटो।

पंजाब राज भवन में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का ऐतिहासिक समूह चित्र - एक स्मरणीय पल




**पंजाब राजभवन**

सेक्टर-6, चंडीगढ़, पिन कोड-160019

ईमेल पताः section.press@gmail.com


आप हमें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी फ़ॉलो कर सकते हैं

https://www.facebook.com/G.C.KatariaUDR/
https://www.instagram.com/gulabchand_kataria/
https://x.com/Gulab_kataria/


Printed and Published by DPR, U.T., Chandigarh